<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

(तिथि 09 अप्रैल 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

=============================================

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण को समय की मांग बताया- महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया।

- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा- घरेलू एलपीजी की शत प्रतिशत आपूर्ति जारी, गैर घरेलू थोक एलपीजी की आपूर्ति अन्य क्षेत्रों के लिए भी बहाल की गई।

- हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट जारी की।

- हरियाणा सरकार ने दो वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित किया।

- कृषि विभाग ने हिसार में ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया।

=========================================================

=====

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा।

एक वीडियो में समाचार पत्रों में दिए गए अपने विशेष लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है।

<u>*एक बहुत ही सकारात्मक माहौल दिख रहा है। इन्हीं विषयों को लेकर के मैं आज अखबारों में एक लेख लिखा है। मेरे अपने विचार मैं साझा किया लेकिन*</u>

*मैं आज आपसे आग्रह करता हूं। आप इसलिए को जरुर पढ़े, औरो को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें और सभी राजनीतिक दलों को प्रेरित करें और उनका उत्साहवर्धन करे की वह उमंग के साथ 16, 17, 18 संसद में इस विशेष कार्य के लिए मिल रहे हैं, तो इसको पारित करें और सब मिलकर इसका जश्न मनाए।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तथा आने वाले समय में विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के प्रावधान के साथ आयोजित हों।

*हमने कुछ वर्ष पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था, और सभी राजनीतिक दलों ने सहमति से किया था। और सबकी इच्छा है कि 2029 में जब लोकसभा के चुनाव होंगे तब हमारे देश के नारी शक्ति को जनप्रतिनिधियों के रूप में लोकसभा में विधानसभाओं में 33 प्रतिशत स्थान मिलना ही चाहिए।*

==============================================

पश्चिम एशिया संकट पर आज नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान औषधि विभाग के संयुक्त सचिव सत्य प्रकाश टी.एल. ने कहा कि देश में आवश्यक औषधि सामग्रियों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। श्री सत्यप्रकाश ने कहा कि इस संकट के कारण औषधीय सामग्रियों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित हुई हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद दवाओं की कीमतों में कोई बड़ी वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने फार्मा उद्योग को सहायता और आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए 40 पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अपर सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि पोत 'ग्रीन आशा' एलपीजी लेकर आज नवी मुंबई के जेएनपीए बंदरगाह पहुंच गया। इस पोत ने पांच अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था। अपर सचिव ने बताया कि महानिदेशक जहाजरानी ने अब तक 1800 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है।

==========================================

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार देश में घरेलू एलपीजी की शत प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। पश्चिम एशिया संकट पर आज नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने कहा कि वितरण केंद्रों पर एलपीजी की कमी की कोई सूचना नहीं है।

संयुक्त सचिव ने बताया कि कल 51 लाख से अधिक घरों में एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि खाद्य, पॉलिमर, कृषि और अन्य क्षेत्रों के लिए गैर-घरेलू थोक एलपीजी की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीएनजी कनेक्शनों का विस्तार भी किया है और चार लाख से अधिक नए ग्राहक पंजीकृत किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता से काम कर रही हैं।

==============================================

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज हरियाणा लोक भवन में हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि निर्धारित समय अवधि में आमजन तक सरकारी सेवाएं उपलब्ध करवाने में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जो सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने सरकार द्वारा लागू 'ऑटो अपील सिस्टम' की भी सराहना की, जिसके कारण निर्धारित समय अवधि गुजरते ही आवेदन स्वचालित रूप से अपील में बदल जाता है और समाधान के लिए उच्च अधिकारियों की जानकारी में पहुंच जाता है।

प्रो. घोष ने आयोग, राज्य सरकार तथा इस प्रयास से जुड़े सभी अधिकारियों को सार्वजनिक सेवा वितरण को सुदृढ़ करने के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि शासन केवल प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे वास्तविक परिणामों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि केवल फाइल का आगे बढ़ना कार्य की पूर्णता नहीं माना जा सकता, जब तक कि शिकायत का समाधान तार्किक निष्कर्ष तक न पहुंचे।

==============================================

हरियाणा सरकार ने 2 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेश में निलंबन की वजह का उल्लेख नहीं है निलंबित हुए अधिकारियों में 2011 कैडर के प्रदीप कुमार और 2012 कैडर के रामकुमार सिंह शामिल हैं।

प्रदीप कुमार फिलहाल राज्य परिवहन विभाग के निदेशक एवं हरियाणा परिवहन विभाग के विशेष सचिव पद पर कार्यरत थे जबकि रामकुमार सिंह राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव एवं पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार दोनों अधिकारियों को सर्व भारतीय सेवा अनुशासन एवं अपील नियम 1969 के तहत निलंबित किया गया है

==============================================

कृषि विभाग द्वारा आज हिसार में ओलावृष्टि के कारण गेहूँ और सरसों की फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया गया और प्रभावित बीमित किसानों को अपनी फसल का नुकसान दर्ज कराने के लिए जागरूक भी किया गया।
जिला कृषि अधिकारी अरुण यादव ने बताया कि उन्होंने जिले के आदमपुर खंड का दौरा किया है। जहाँ सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है।
उन्होंने कहा कि जिन बीमित किसानों द्वारा शिकायत दर्ज करवाने पर फसल को हुए नुकसान की भरपाई हो जाएगी। उन्होंने किसानों से अपनी फसल का बीमा जरूर करवाने की अपील भी की।

==============================================

कैथल जिला पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने दो अलग-अलग मामलों में तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उप पुलिस अधीक्षक रोहताश ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4 किलो 125 ग्राम चूरा पोस्त और 7 ग्राम 24 मिली ग्राम हेरोइन बरामद की है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया है।

उन्होंने बताया-

उन्होंने बताया कि उनकी पहचान गांव कयोडक़ निवासी रिंकू उर्फ काला और आर्यन के रूप में हुई है।

============================================================
====